दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

Patna News fake medicines worth 5 lakhs recovered from transport

ट्रांसपोर्ट से 5 लाख का नकली दवाएं बरामद

Patna News - पटना|कदमकुआं थाना इलाके के पार्क रोड स्थित एमएस ट्रांसपोर्ट में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ड्रग विभाग की टीम...

Sep 26, 2019, 09:00 AM IST

पटना|कदमकुआं थाना इलाके के पार्क रोड स्थित एमएस ट्रांसपोर्ट में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ड्रग विभाग की टीम ने छापेमारी कर 5 लाख की नकली दवाएं बरामद कीं। ट्रक पर लदी दवाओं की खेप गया से आ रही थी। इसकी किसी अनिल इंटरप्राइजेज को डिलिवरी होनी थी। पाने वाला का केवल नाम लिखा है, उसका पता नहीं है। इनमें नशीली और बेहोश करने की दवाएं हैं। इस बाबत ड्रग इंस्पेक्टर के बयान पर कदमकुआं थाने में ट्रांसपोर्ट के मालिक मो. अशरफ व मैनेजर मुकेश पर केस दर्ज किया गया है। प्रभारी थानेदार ने प्राथमिकी होने की पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले की छानबीन कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

Source: https://www.bhaskar.com/bihar/patna/news/bpsc-s-10-year-old-result-disturbed-the-high-court-said-give-new-result-01650445.html?art=next